तापमान
अधिकतम 35.6 डिग्री
न्यूनतम 21.4 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार, 16 अप्रैल 2024

12 छात्रों को वोट बनवाने के लिए किया जागरुक



12 सृजनात्मक लेखन से विचारों में स्पष्टता संभव



## खबर संक्षेप

### जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना पुराना औद्योगिक पुलिस ने पीपल मंडी में कमल पुत्र सुंदर दास निवासी हरि बाग कॉलोनी पर जानलेवा हमला करने मामले में दूसरे आरोपी रिंकू उर्फ राधे निवासी बतरा कॉलोनी को गिरफ्तार किया। थाना पुराना औद्योगिक प्रभारी इंस्पेक्टर जाकिर हुसैन ने बताया कि इस मामले में कमल की शिकायत पर थाना पुराना औद्योगिक में केस दर्ज है।

### सड़क हादसे में मां व बेटियां घायल

**पानीपत।** पानीपत में जीटी रोड के टोल प्लाजा के पास एक तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। ई-रिक्शा पर सवार मां पिंकी देवी निवासी दिल्ली और इसकी दो बेटियां सात माह की अधविका व सात साल की प्रिजलीन घायल हो गई। जिन्हें राहगीरों ने इलाज के लिए सिविल अस्पताल भर्ती करवाया। इधर, पिंकी की शिकायत पर थाना हुडा सेक्टर 13-17 पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नशा तस्करी में दो महिलाएं गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर के पालिका विहार कट कालका चौक से पुलिस ने नशा तस्करी में दो महिलाओं को काबू किया है। तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 19 ग्राम 500 मिलिग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार किया। विधिपूर्वक पूछताछ के दौरान आरोपियों ने नशा तस्करी करने की बात कबूल कर ली है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

### फैक्टरी कर्मचारी के साथ मारपीट कर छीना मोबाइल

**यमुनानगर।** शहर जोडिया गुरूद्वारे के पास दो युवकों ने फैक्टरी कर्मचारी के साथ मारपीट कर उससे मोबाइल छीन लिया। न्यू नानक नगर निवासी जितेंद्र कुमार ने बताया कि वह जोडिया स्थित शिवम प्लाइवुड फैक्टरी में काम करता है। वह रविवार को दोपहर सवा दो बजे बाइक पर जोडिया गुरूद्वारे के पास किसी काम से आया था। वहां पर आरोपियों ने उसकी बाइक की चाबी निकाल ली और उसके साथ मारपीट करने लगे। इसके बाद आरोपी जेब से मोबाइल निकालकर भाग गए।

# ट्विन सिटी में प्राइवेट स्कूलों के वाहनों की निरंतर जांच से संचालकों में हड़कंप

## एसडीएम ने चालकों के लाइसेंस चेक किए, दस्तावेज पूरी न होने पर कार्रवाई की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी को लेकर प्रशासन की ओर से बड़े स्तर पर स्कूली वाहनों की जांच शुरू कर दी है। सोमवार को अंबाला शहर व अंबाला छावनी के एसडीएम ने अपने एरिया के सभी स्कूलों की बसों के दस्तावेज चेक किए। उन्होंने स्कूल संचालकों को साफ कहा कि जिस भी वाहन में कोई कमी पाई गई तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अंबाला शहर के एसडीएम दर्शन कुमार ने शिक्षा विभाग के साथ-साथ टीम में शामिल सदस्यों के साथ कई स्कूलों का निरीक्षण करते हुए इन वाहनों की जांच की। जांच के दौरान उन्होंने स्कूल प्रतिनिधियों को पॉलिसी के तहत सभी नियमों की पालना करने बारे निर्देश दिये और उन्हें यह भी चेताया कि यदि आगे नियमों की अवहेलना पाई गई तो नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। एसडीएम ने पीकेआर जैन स्कूल, एसए जैन स्कूल, विजय वल्लभ जीआरएसडी स्कूल, आत्मानंद जैन स्कूल, खालसा स्कूल के साथ-साथ अन्य स्कूल शामिल रहे। इस दौरान उन्होंने स्कूल प्रतिनिधियों से पॉलिसी के तहत स्कूली वाहनों में स्पीड गवर्नर, ऑनर का नाम, बस पर पीला पेंट, फिटनेस सर्टिफिकेट, ड्राइवर का समय-समय पर हेल्थ चेकअप, ड्राइवर के लाइसेंस की जांच भी की। साथ ही उसका नाम, आधार नंबर व मोबाइल नंबर, फस्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र, कैमरे लगे होना, ड्राइवर व सहायक का वर्दी में होना, बस में कंट्रोल रूम का नंबर होना, जीपीएस लगा होना, परमिट होना व सोसायटी का रजिस्ट्रेशन होने के साथ-साथ गाड़ी का रख-रखाव इत्यादि की जानकारी ली। उन्होंने निरीक्षण के दौरान जो छोटी-मोटी खामियां मिली, उन्हें दुरूस्त करने निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि प्रशासन का मकसद चालान काटना नहीं है अपितु बच्चों की सुरक्षा करना हम सबका दायित्व है। हमें नियमों की पालना स्वंय करनी है। मौके पर बीईओ सतबीर, डॉ. राजिन्द्र राय के साथ-साथ एसएचओ भी साथ रहे।

■ जिस भी वाहन में कोई कमी पाई गई तो उस स्कूल संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी



**अंबाला।** स्कूली वाहनों की जांच के बाद संचालकों को जरुरी निर्देश देते एसडीएम दर्शन कुमार। फोटो : हरिभूमि

### कई स्कूलों के वाहन चेक किए

इसी तरह अंबाला छावनी के एसडीएम सतिंद्र सिवाच ने भी सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत केंद्रीय विद्यालय स्कूल नंबर एक, दो, तीन, चार, सेवा समिति स्कूल, आर्मी स्कूल व वायुसेना स्कूल, लॉर्ड महावीर जैन स्कूल की बसों का मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पॉलिसी के तहत स्कूल के वाहनों का मानकों के तहत अनुपालना हो रही है या नहीं, उसका जायजा लिया। एसडीएम ने स्कूली वाहनों में नियमों की पालना के तहत जैसे स्पीड गवर्नर, ऑनर का नाम, बस पर पीला पेंट, फिटनेस सर्टिफिकेट, ड्राइवर का समय-समय पर हैल्थ चैकअप, ड्राइवर सम्बन्धित लाइसेंस की जांच के साथ-साथ उसका नाम, आधार नंबर व मोबाइल नबर, फस्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र, कैमरे लगे होना, ड्राइवर व सहायक का वर्दी में होना, बस में कंट्रोल रूम का नम्बर होना, जीपीएस लगा होना, परमिट होना समेत तमाम दस्तावेज चेक किए। उन्होंने इस दौरान अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को स्कूली वाहनों से ही भेजें। यदि वे किसी प्राइवेट वाहन से अपने बच्चों को भेज रहे हैं तो उसमें क्षमता से अधिक बच्चे हैं तो उसमें न भेजें, अन्य नियमों का भी ध्यान रखें। इस मौके पर एसडीएम के डीएसपी रजत गुलिया समेत कई विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# सुरक्षा के मद्देनजर सभी स्कूली बसों को नियमों की पालना करनी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

उपमंडल अधिकारी नागरिक अमन कुमार द्वारा उपायुक्त शांतनु शर्मा के नर्दिशानुसार सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ सभी स्कूलों की बसों का निरीक्षण किया गया। एसडीएम के साथ आरटीओ अधिकारी तथा शिक्षा विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे, जिनकी निगरानी में रविवार को संत इशर सिंह अकादमी में सभी स्कूलों की बसों की गहनता से जांच की गई।

एसडीएम अमन कुमार ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा सबसे अहम है, जिसके मद्धेनजर सभी स्कूलों की बसों को तकनीकी तौर पर चेक किया गया है। प्रत्येक बस की चेकिंग का अलग-अलग प्रोफार्मा तैयार किया जा रहा है ताकि स्कूली बसों में यदि कोई खामी पाई जाए तो उसे दुरूस्त करवाया जाए। उन्होंने कहा कि जो दुघर्टना महेंद्रगढ स्कूली बस के साथ घटी है, वह कहीं न हो, उसके लिए सभी स्कूली बसों को जांचा परखा जा रहा है। जो बसें कंडम हो चुकी हैं, उन्हें रूट पर नहीं उतारा जाएगा। यदि चेकिंग के दौरान ऐसा कुछ पाया गया तो बस मालिक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्कूली बस चलाने के लिए कुछ नियम भी हैं, जिनका होना चालक के लिए अत्यंत आवश्यक है। स्कूल बस के चालक के लिए पांच साल का चालक अनुभव, वैलिड लाइसेंस, ड्राइवर और कंडक्टर नेम प्लेट लाईसेंस नंबर के साथ, रजिस्ट्रेशन और रूट प्लान परमिट परमिशन, इंश्योरेंस सर्टिफिकेट, पाल्यूशन, जीपीएक सिस्टम, फायर किट, वर्किंग हार्न, सभी टायरों की कंडिशन, एमरजेंसी ब्रेक और ब्रेक वर्किंग, हेडलाइट, बैकलाइट, वाईपर, फरुड बॉक्स, रूट प्लान का बोर्ड, एंड डिस्प्ले टाईमिंग, नम्बर प्लेट और सभी स्कूलों की बसों पर एक्सीडेंट से सम्बंधित जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम नम्बर और सीसीटीवी कैमरे भी अनिवार्य किए गए। इस मौके पर निरीक्षण टीम जिले सिंह सब इंस्पेक्टर आरटीओ विभाग, जितेंद्र शर्मा इंस्पेक्टर, सतीश कुमार पुलिस विभाग इंस्पेक्टर, हरियाणा रोडवेज सूरज प्रकाश, शिवकुमार, जस्सा सिंह, नायब तहसीलदार दलजीत सिंह, नायब तहसीलदार हरिओम, खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र गर्ग द्वारा बसों का निरीक्षण किया गया।

■ नियमों की उल्लघंना करने वाली बसों का किया जाएगा चालान

# तरावड़ी नीलोखेड़ी के बीच रेलवे ट्रैक पर क्षत-विक्षत अवस्था में मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

तरावड़ी नीलोखेड़ी के बीच रेलवे ट्रैक पर बीते दिनों मिले शव की पहचान नहीं हो पाई है। जीआरपी थाना पुलिस ने तरावड़ी और नीलोखेड़ी में कई जगह पर पूछताछ की लेकिन मृतक के परिजनों के बारे में कोई जानकारी नहीं पता लगी। जानकारी के मुताबिक जीआरपी थाना पुलिस को तरावड़ी-नीलोखेड़ी के बीच रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव रेलवे ट्रैक के पास कटी फटी अवस्था में मिला था। जीआरपी थाना पुलिस ने शव को पहचान के लिए करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के मर्चरी हाउस में रखवाया था। जिसकी काफी प्रयास के बाद भी पहचान नही हो सकी। जीआरपी थाना से पुलिस जांच अधिकारी अमर सिंह ने बताया कि तरावड़ी-नीलोखेड़ी अप लाइन के बाहर कटी फटी अवस्था में लाश पड़ी थी। इसके बाद मृतक के परिजनों की तलाश आसपास की कॉलोनी में की गई। जिसकी शिनाख्त नहीं हो पाई। उन्होंने बताया कि आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत रेलवे लाइन पार करते समय रेलवे दुर्घटना में हुई हो। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि मृतक की बाजू पर अंग्रेजी में उत्तम लिखा हुआ है। पहचान के लिए तरावड़ी और नीलोखेड़ी क्षेत्र में भी पूछताछ की, लेकिन मृतक के परिजनों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई। फिलहाल जीआरपी थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

■ शव की पहचान नहीं हुई

■ फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही

### फैक्ट्री के बाहर चालक ने फंदा लगाकर दी जान

**यमुनानगर।** गांव अलाहर रोड स्थित एक फैक्ट्री के बाहर चालक ने अपने ही ट्रक में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक की पहचान पुराना हमीदा निवासी 39 वर्षीय विरेंद्र कुमार के रूप में हुई है। वीरेंद्र सिंह रविवार को उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में माल लेकर गया था। वहां से वह रात लगभग 11 बजे लौटा और ट्रक को अलाहर रोड पर फैक्ट्री के बाहर खड़ा कर दिया था। इस दौरान उसके पास किसी व्यक्ति का फोन आया। मृतक की काफी देर तक फोन पर बात हुई। जिसके बाद उसने रस्सी का फंदा बनाकर ट्रक की खिलड़ी पर बांधकर उस पर फंदा ले ली। यह घटना फैक्ट्री के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को नीचे उतारा और उसके परिजनों को सूचित किया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

# यमुनानगर रेलवे रोड से हटवाया अतिक्रमण

## दुकानदारों में मचा हड़कंप, निगम की टीम ने सड़क पर रखा सामान किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम की टीम ने सोमवार को रेलवे रोड पर शहीद भगत सिंह चौक से लेकर रेलवे स्टेशन तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। निगम की कार्रवाई से अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों में हड़कंप मच गया। दुकानदारों ने खुद ही सामान अंदर करना शुरू कर दिया। इस दौरान निगम की टीम द्वारा दुकानों के बाहर रखे सामान को जब्त कर लिया।

सीएसआई सुनील दत्त के नेतृत्व में बनी टीम ने शहीद भगत सिंह चौक से रेलवे स्टेशन चौक तक सड़क के दोनों ओर से अतिक्रमण हटाया। टीम में एसआई सुशील कुमार, एएसआई सुमित लाठर, सुपरवाइजर रणबीर, राकेश तेजली व होमगार्ड के जवान शामिल थे। दुकानदारों, रेहडी, फड़ी वाालों ने यहां पर आधी सड़क तक सामान रखा हुआ था। जैसे ही निगम की टीम ने अतिक्रमण हटाना शुरू किया तो दुकानदारों में हड़कंप मच गया। टीम ने सड़क पर रखे सामान को उठाकर निगम की ट्राली व वाहन लोड किया। निगम की कार्रवाई को देख दुकानदार स्वयं अपना सामान उठाकर अंदर रखने लगे। निगम की टीम ने पहले शहीद भगत सिंह चौक से रेलवे स्टेशन चौक तक बाई तरफ से अतिक्रमण हटाया। निगम अधिकारियों ने दुकानदारों को चेतावनी दी कि यदि भविष्य में फिर सड़क पर सामान रखा तो उसे जब्त किया जाएगा।

■ अभियान देख दुकानदारों ने खुद ही सामान अंदर करना शुरू कर दिया




यमुनानगर के रेलवे रोड से अतिक्रमण हटाती निगम की टीम।

### अतिक्रमण से लगता है जाम

सीएसआई सुनील दत्त ने कहा कि शहर की सड़कों पर कुछ दुकानदारों व स्ट्रीट वेंडर्स ने सामान रखकर अतिक्रमण किया हुआ है। इससे सड़कों पर जाम लगता है और आमजन को परेशानी होती है। सड़क पर जाम लगने से कई बार आपातकालीन सेवाएं जैसे एंबुलेंस व फायर ब्रिगेड की सेवाएं प्रभावित होती है।

# फ्रूट व्यापार में पार्टनर व उसके दो लड़कों पर 18 लाख ठगने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

साढौरा सब्जी मंडी में जुबेर फ्रूट कंपनी के नाम से आढ़त की दुकान चलाने वाले दिलशाद ने अपने पार्टनर व उसके दो लड़कों पर 18 लाख रुपये ठगने का आरोप लगाया है।

पसाढौरा निवासी दिलशाद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी साढ़ौरा सब्जी मंडी में जुबेर फ्रूट कंपनी के नाम से आढ़त की दुकान है। उसने वर्ष 26 अगस्त 2019 से 22 अक्टूबर 2019 तक उत्तर प्रदेश के शामली जिले के गांव डूंडूखेड़ा निवासी इस्लाम व उसके लड़कों फिरोज और शाहरूख के साथ केला व पपीता की साझेदारी की थी। वह केला कच्चा माल महाराष्ट्र के बहरामपुर व उत्तर प्रदेश के कुशीनगर और कच्चा पपीता अंबाला से मंगवाते थे। इन फलों को पकाकर बेचते थे। इसका पूरा हिसाब किताब आरोपी इस्लाम, फिरोज व शाहरूख के पास होता था। इस बीच उसे आरोपियों पर शक हुआ तो उसने खुद ही दुकान पर बैठना शुरू कर दिया। उसके दुकान पर बैठने से आरोपियों ने काम करने से इंकार कर दिया और अपना हिसाब किताब कर चले गए थे। कुछ दिन बाद उनके पास महाराष्ट्र का डीलर विजय प्रकाश आया। जिसने बताया कि साढ़े 13 लाख का केला खरीदा गया। जिसकी पेमेंट नहीं की गई। जब उसने हिसाब किया तो पता चला कि 18 लाख रुपये बन किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# रूस भेजने के नाम पर ठगे साढ़े पांच लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

रशिया भेजने के नाम पर गांव शाहपुर-302 निवासी मांगेराम से साढ़े पांच लाख रुपये ठग लिए गए। आरोप बिलासपुर निवासी रणजीत सैनी व चड़ीगढ़ निवासी गोल्डी पर लगा है। गांव शाहपुर निवासी मांगेराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। इसके लिए वह पासपोर्ट बनवाना चाहता था। उसने बताया कि बिलासपुर निवासी रणजीत सैनी की कस्बे में ही फोटो स्टेट की दुकान है। वह रणजीत सैनी की दुकान पर पासपोर्ट के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के लिए गया। इस दौरान आरोपी रणजीत सैनी ने कहा कि वह लोगों को विदेश भेजने का भी कार्य करता है। उसका चंडीगढ़ में गोल्डी नाम का दोस्त है। जिसके माध्यम से वह कार्य करता है। इस दौरान आरोपी ने उसकी गोल्डी से बात करवाई। आरोपियों ने उसे रशिया भेजने के लिए साढ़े चार लाख रुपये का खर्च आने की बात की। इसके साथ ही करीब एक लाख रुपये दस्तावेज व अन्य खर्च बताए। उसने आरोपियों पर विश्वास करके उन्हें अलग-अलग करके साढ़े पांच लाख रुपये दे दिए। कुछ दिन बाद आरोपियों ने उसे उसकी टिकट होने की बात कही लेकिन वह कैंसिल हो गई। जिसके बाद आरोपियों ने दोबारा उसकी टिकट कराई। जब वह एयरपोर्ट पर गया तो उसे रोक लिया गया। जब उसने वहां से आरोपियों से बात की तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

परेशान होकर उसने आरोपियों से पैसे वापस मांगे तो उन्होंने पैसे देने से मना कर दिया। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# ब्रह्मसरोवर में डूबने से युवक की मौत

**कुरुक्षेत्र।** ब्रह्मसरोवर पर दोस्तों के साथ घूमने आए एक युवक की सरोवर में डूबने से मौत हो गई है। युवक अपने दोस्तों के साथ आया था और नहाने के लिए सरोवर में उतर गया। रेलिंग पार कर गहरे पानी में छलांग लगाने से वह पानी में डूबने लगा। युवक को तैरना नहीं आता था। गोताखोरों ने युवक को पानी से बाहर निकाला और लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल में लेकर पहुंचे। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शांति नगर निवासी करीब 18 वर्षीय गोपाल पुत्र विक्की सोमवार को ब्रह्मसरोवर पर अपने दोस्तों के साथ घूमने आया था। गर्मी के चलते सभी ने ब्रह्मसरोवर में नहाने का फैसला लिया। गोपाल ने सरोवर में छलांग लगा दी। रेलिंग से पार पानी गहरा होने पर वह डूबने लगा तो उसके दोस्तों ने शोर मचाया । गोताखोरों की मदद से गोपाल को बाहर निकाला और अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने गोपाल को मृत घोषित कर दिया।

## विदेश में भी नवरात्र की धूम, कार्यक्रमों का किया जा रहा आयोजन

# ऑस्ट्रेलिया की धरती पर गूंजे मां भगवती के भजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भारत की भांति विदेश में भी नवरात्रों की धूम है। ऑस्ट्रेलिया में तो आजकल मां भगवती के जागरण, माता की चौकी एवं भजन संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। विदेश में भी बसे बहुत से भारतीय नवरात्र व्रत कर रहे हैं। नवरात्रों में ऑस्ट्रेलिया की धरती पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे कर्ण शर्मा तथा उसके साथियों सन्नी डाबरा व निशांत खैंची इत्यादि ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया में पहली बार हरियाणवी कलाकार प. ईश्वर शर्मा और हेमंत शर्मा ने माता की चौकी में मां भगवती की भेंटों का गुणगान किया। हरियाणा के भजन गायक प. ईश्वर शर्मा सिरसल वाले और उनके बेटे हेमंत शर्मा मां भगवती का गुणगान करने ऑस्ट्रेलिया पहुंचे। कुरुक्षेत्र से जाकर ऑस्ट्रेलिया में सफल व्यवसाय स्थापित करने वाले कर्ण शर्मा व उसके साथियों ने विशेष सहयोग किया। इसके अलावा दूसरी मां भगवती चौकी का कार्यक्रम ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न के श्री दुर्गा टेंपल में किया गया जिस का आयोजन अमित चौधरी, केसी सीधपुरिया, मेघराज दहिया, नीरज और हरियाणा के युवाओं ने किया।



■ हरियाणवी कलाकार प. ईश्वर शर्मा और हेमंत शर्मा ने माता की चौकी में मां भगवती की भेंटों का गुणगान किया

ऑस्ट्रेलिया में नवरात्रों के अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक भजन गायकों का सम्मान करते हुए।

# हरियाणवी संस्कृति के प्रचार के लिए स्विट्जरलैंड पहुंचे डॉ नैन

**पानीपत।** अंतरराष्ट्रीय जाट संसद व अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ नवीन नैन भालसी व प्रवेश कुमार का स्विटजरलैंड में पहुंचने पर मेजर निशांत सिंह व सुनील कुमार ने स्वागत किया। वहीं, डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि पिछले 25 वर्षों से स्विटजरलैंड में मेजर निशांत सिंह व सुनील कुमार हरियाणवीं सभ्यता व संस्कृति को आगे बढ़ाते हुए भाई-चारे का संदेश दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि मेजर निशांत सिंह का स्विटजरलैंड में होटल व रेस्टोरेंट व्यवसाय है। वहीं मेरज निशांत, स्विटजरलैंड आने वाले हरियाणवियों व देशवासियों का जहां स्वागत करते है, वही उनकी मदद भी करते है। इधर, अंतरराष्ट्रीय जाट संसद व अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ नवीन नैन भालसी भी स्विटजरलैंड में हरियाणवीं संस्कृति का प्रचार प्रसार करेंगे।



अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष डॉ नवीन नैन का स्विटजरलैंड में स्वागत करते हुए मेजर निशांत सिंह।

## खबर संक्षेप

### मनोहर लाल का होगा भव्य स्वागत : हरविंद्र

**घरौंडा।** विधायक हरविंद्र कल्याण ने घरौंडा शहर मे बैठक के माध्यम से करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल की होने वाली जनसभा के लिए निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि घरौंडा को गंदगी से दलदल से अगर किसी ने निकाला हो तो पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल है जिन्होंने जातिवाद ओर भेदभाव से ऊपर उठकर घरौंडा सहित पुरे प्रदेश का समुचा विकास किया है इसलिय हम सभी ने एकजुट होकर मनोहर लाल जी को मकबूत करना है।

### मनोहरजी का करनाल से लड़ना सौभाग्य

**असंध।** नगर की नई अनाज मंडी में राईस मिल एसोसिएशन के सदस्यों की भाजपा के पूर्व विधायक एवं असंध विधानसभा संयोजक बख्शीश सिंह विर्क के द्वारा लोकसभा चुनाव के संदर्भ में बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राजेंद्र मंगला ने की। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए उपाध्यक्ष राजेंद्र मंगला ने कहा कि "आज पूरे देश की नज़र करनाल पर हैं , करनाल के लाल मनोहर लाल जी लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं हमारी एसोसिएशन के सभी सदस्यों को उनके कंधे से कंधा मिला कर ये चुनाव लड़ना तथा जीतना है।

### मां करती है राक्षसों का संहार ओर बच्चों करती है प्यार

**घरौंडा।** आचार्य मणि प्रसाद गौतम ने सातवें नवरात्रि पर कालरात्रि के स्वरूप का वर्णन करते हुए कहा कि मां परम्बा, जगदंबा, अनादि शक्ति कालरात्रि के तीन नेत्र हैं। माँ कालरात्रि तीसरे नेत्र से पाप पाप राशि भस्म करती है और अंधेरे रूपी अज्ञान का विनाश करती है। ज्ञान रूपी प्रकाश स्थापित करती है। आचार्य मणि प्रसाद गौतम सोमवार को देवी मंदिर में सातवे नवरात्री पर श्रद्धालुओं को प्रवचन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि माँ कालरात्रि काल को भी अपने वश में रखती है और भक्तों को अभय दान देकर आशीर्वाद प्रदान करती है।

### घर बैठे डाउनलोड करें फोटो युक्त डिजिटल वोटर कार्ड

**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि डिजिटलाइजेशन के दौर में चुनाव आयोग ने भी चुनाव से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य ऑनलाइन कर दिए हैं। चुनाव आयोग ने देशभर में डिजिटल मतदाता पहचान पत्र या इलेक्ट्रॉनिक इलेक्टोरल फोटो आईडी कार्ड यानी ई-ईपीआईसी की सुविधा शुरु कर रखी है। डीसी ने कहा कि अगर मतदाता की वोटर आईडी कहीं गुम गया है या फिर वह वोटर कार्ड की डिजिटल कॉपी सहेज कर रखना चाहता है तो वोटर हेल्पलाइन एप या फिर चुनाव आयोग की वेबसाइट से अपना वोटर कार्ड आसानी से मोबाइल या कंप्यूटर पर डाउनलोड कर सकते हैं।

### मतदान को लेकर डीसी ने किया जागरूक

**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने युवा मतदाताओं का आह्वान किया कि वे 25 मई को होने वाले प्रदेश में लोकसभा के आम चुनाव व करनाल विधानसभा के उपचुनाव में मताधिकार का प्रयोग करें। जब हम दूसरे अधिकारों को पाने के लिए संघर्ष करते हैं तो मतदान के अधिकार का प्रयोग करने में क्यों संकोच करते हैं।

## फसल का जे-फॉर्म कटने के 72 घंटे के अंदर-अंदर करें भुगतान

# उपायुक्त ने तरावड़ी मंडी में गेंहू की फसल को लेकर किया निरीक्षण

### निरीक्षण के दौरान डीसी ने देखी अनाज मंडी की सुरक्षा-व्यवस्था, अफसरों को दिए जरूरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭तरावड़ी



**तरावड़ी।** मंडी मे दौरा करते उपायुक्त उत्तम सिंह, सचिव नरेश मान, मंडी प्रधान शीशपाल गुप्ता, नरेश बंसल व अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

उपायुक्त उत्तम सिंह ने सोमवार को तरावड़ी अनाज मंडी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अपने साथ संबंधित अधिकारियों को लेकर मंडी में आई हुई गेहूं की फसल में नमी भी चैक की। मंडी के गेटों पास काटने की की व्यवस्था को भी चैक किया। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि फसल लेकर आने वाले किसानों को मंडी में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि लिफ्टिंग के कार्य को तेजी के साथ सुचारू रूप से जारी रखें। उन्होने गेंहू की खरीद से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसान की फ़सल का जे-फॉर्म कटने के 72 घंटे के अंदर-अंदर फसल का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अनाज मंडियों से फसलों का समय पर उठान करने और किसानों की हर सुविधा का पूरा ख्याल रखने के भी निर्देश दिए। इस दौरान किसानों से कहा कि अपनी फसल को सुखाकर ही मंडी में लेकर आएं ताकि उनको फसल बेचते समय किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। इस दौरान उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि खराब मौसम के चलते तरपाल व अन्य आवश्यक सुविधाओं की भी व्यवस्था रखें। इस दौरान नीलोखेड़ी एसडीएम कपिल शर्मा, मंडी सचिव नरेश मान, मंडी आढ़ती ऐसोसिएशन प्रधान शीशपाल गुप्ता, राईस मिल्ज ऐसोसिएशन प्रधान नरेश बंसल, खाद्य आपूर्ति तथा वेयर हाऊस विभाग के राजीव कुमार व हैफेड विभाग अधिकारी मौजूद थे।

### 1 लाख 60 हजार 275 मीट्रिक टन गेंहू की हुई आवक

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि जिला की मंडियों में गेहूं की आवक शुरू हो चुकी है। मंडियों में गेहूं की आवक के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध पहले से ही पूरे कर लिए गए थे। गत दिवस तक जिले में करीब 1 लाख 60 हजार 275 मीट्रिक टन गेहूं की आवक विभिन्न परचेज सेंटरों व मंडियों में हुई जिसे सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदा गया। मंडियों से गेहूं उठान तुरंत करवाने के आदेश खरीद एजेंसी को दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों में गत दिवस तक करीब 1 लाख 60 हजार 275 टन गेंहू मंडियों में आवक हुई जिसमें से खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 66746 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 84626 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयर हाऊस कार्पोरेशन द्वारा 8237 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि जो भी किसान मंडी में आए, वह अपने क्रमानुसार ही आएं ताकि समय पर उनकी फसल की खरीद हो सके। उन्होंने कहा कि किसान खेतों में फानों में आग न लगाएं। इससे जहां प्रदूषण को बढ़ावा मिलता है, वहीं भूमि की उर्वरा शक्ति भी कम होती है। इसलिए किसानों को चाहिए कि वे फसल अवशेषों में आग न लगाकर उनका सही तरीके से प्रबंधन करें।



### घरौंडा अनाज मंडी का निरीक्षण कर डीसी ने गेंहू की नमी चैक की

**घरौंडा।** जिला उपायुक्त उत्तम सिंह ने सोमवार को अनाज मंडी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अपने साथ संबंधित अधिकारियों को लेकर मंडी में आई हुई गेहूं की फसल में नमी भी चैक की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि फसल लेकर आने वाले किसानों को मंडी में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि लिफ्टिंग के कार्य को तेजी के साथ सुचारू रूप से जारी रखें। इस दौरान किसानों से भी आह्वान करते हुए कहा कि वे पकी हुई फसल ही मंडी में लेकर आएं ताकि उनको फसल बेचते समय किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। इस दौरान उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि खराब मौसम के चलते तरपाल व अन्य आवश्यक सुविधाओं की भी व्यवस्था रखें। एसडीएम राजेश कुमार सोनी ने उपायुक्त को अवगत कराते हुए बताया कि अनाज मंडी में लिफ्टिंग का कार्य निरंतर सुचारू रूप से चल रहा है। उन्होंने बताया कि घरौंडा अनाज मंडी मे अभी तक 2 लाख 80 हजार किवंटल गेहूं की फसल आ चुकी है। जिसमें से लगभग 1 लाख किवंटल गेहूं की फसल का उठान कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने उपायुक्त को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा मंडी में समय रहते ही सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को पूरा कर लिया गया है। इस दौरान उनके साथ हैफेड, खाद्य आपूर्ति तथा वेयर हाऊस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



### एमएचयू को मिला उत्कृष्ट उद्यान विश्वविद्यालय का अवार्ड

**करनाल।** एमएचयू के कुलपति डॉ. सुरेश कुमार मल्होत्रा के नेतृत्व में बागवानी क्षेत्रों में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए कृषि व्यापार शिखर सम्मेलन एवं पुरस्कार नामक संस्था द्वारा होटल पार्क हयात, हैदराबाद भारत में आयोजित कार्यक्रम में देशभर के उद्यान विभागों में से एमएचयू को उत्कृष्ट उद्यान विश्वविद्यालय का पुरस्कार से नवाजा गया । जो हरियाणा के लिए बड़े गर्व की बात है। कुलपति डॉ सुरेश मल्होत्रा ने एमएचयू को उत्कृष्ट विश्वविद्यालय का पुरस्कार मिलने पर अपार खुशी जताते हुए बताया कि एमएचयू बागवानी के क्षेत्र फल, सब्जियों, फूलों एवम औषधीय पौधों पर महत्वपूर्ण कार्य कर रहा हैं। एमएचयू राज्य की आवश्यकताएं पूरी करने के लिए गंभीरता से लगा हुआ हैं। विश्वविद्यालय ने गत वर्षों में कई नई तकनीकों को बनाने के लिए अनुसंधान कार्य किए है। उन्होंने कहा कि नए बॉयो स्टूमिलेंस का भी अनुसंधान किया, जिसमें फसलों में जलवायु परिवर्तन के कारण आने वाली कठिनाईयों जैसे कालर जमीन में कम पानी की अवस्था में सुखारोधी सहनशीलता के गुण आ जाते है।



### युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए जागरूकता अभियान चलाने पर चर्चा

**करनाल।** गांव कुंजपुरा में पंजाबी राजपूत महासभा की बैठक हुई। मीटिंग में चर्चा के बाद निर्णय लिया गया कि युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। गली मोहल्लों में जाकर युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव बताकर उन्हें नशे से होने वाले नुकसान के प्रति सचेत किया जाएगा। जरूरत पडने पर महासभा डाक्टरी सलाह भी उपलब्ध करवाएगी। इस मौके पर उपप्रधान सुशील पंवार ने कहा कि बच्चों को उच्च शिक्षा प्रदान करने व खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए सभा की तरफ से प्रयास किए जाएंगे। जरूरतमंद बच्चों की मदद की जाएगी। खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। युवा नशे से दूर रहेगा तो समाज की उन्नति में अपना योगदान दे सकेगा। प्रधान प्रवीण राणा ने कहा कि सभा की तरफ से आगामी दिनों में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। खेलों को बढ़ावा देने के लिए युवाओं को प्रोत्साहित किया जाएगा। इस मौके पर सुमेर चंद, सुधीर कुमार, सतीश कुमार, बिंदु राणा, संजय कुमार, संदीप कुमार, रघुवीर कुमार, रमेश कुमार, सुशील, कैलाश, डॉ अशोक कुमार, अनिल आर्य, संदीप आदि रहे।

## सक्षम लोग निर्धन बच्चें को दें शिक्षा

- अंबेडकर भवन सेक्टर 16 में डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल



**करनाल।** कार्यक्रम को संबोधित करते सांसद कृष्णलाल पंवार। *फोटो : हरिभूमि*

अंबेडकर समाज कल्याण सभा की ओर से अंबेडकर भवन सेक्टर 16 में डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद कृष्णलाल पंवार ने शिरकत की। अध्यक्षता सेवानिवृत डीजीपी बीएस संधू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में रिटायर्ड आईजी प्रताप सिंह रंगा पहुंचे। सभा के प्रधान अमर सिंह पातलान ने मांग रखी कि अंबेडकर भवन का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। इसे सरकारी सहायता से पूर्ण करवाया जाए तथा एससी कम्पोनेट प्लान पर एक्ट भी पास करवाया जाए। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कृष्णलाल पंवार ने कहा कि हमारे समाज के लोग मेहनत करके उपर उठ रहे हैं। हमारे मां-बाप बेशक अनपढ़ थे, लेकिन उन्होंने मेहनत करके हमें पढ़ाया तथा आगे बढ़ाया। हममें से जो सक्षम हैं उन्हें चाहिए कि किसी निर्धन बच्चे का खर्च उठा कर शिक्षित करें। समारोह की अध्यक्षता करते हुए बीएस संधू ने कहा कि वंचित समाज के लोग शिक्षा प्राप्त कर ही उत्थान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि समाज के लोग संगठित होना नहीं सीखे, आपस में बंटे हुए हैं। मंच संचालन महामंत्री बीएस आलान ने किया। इस अवसर पर ओमप्रकाश जास्ट, सुरेश रजिस्ट्रार, अमर सिंह रंगा, बलराज रंगा, माईचंद डौंकल, डा. गजे सिंह आदि समेत काफी संख्या में मौजूद रहे।

### श्रीराम नवमी महोत्सव पर होगा भंडारा

**नीलोखेड़ी।** श्रीराम नवमी महापर्व के उपलक्ष्य में श्री सनातन धर्म मंदिर नीलनगर में आयोजित श्रीराम कथा के विश्राम दिवस पर 17अप्रैल को विशाल भंडारे के साथ श्रीराम कथा का समापन किया जाएगा। मंदिर सभा के अध्यक्ष शिव नाथ कपूर के अनुसार कथा के विश्राम दिवस पर गीता मनीषी महामण्डलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के सानिध्य में भगवान श्रीराम की महा आरती व आशीवर्वचन भी होंगे। उल्लेखनीय है कि विगत 11अप्रैल से श्रीराम कथा चल रहे महोत्सव के समापन से पूर्व 17अप्रैल को सुबह हवन यज्ञ तदुपरांत संतों के प्रवचन व विशाल भंडारा होगा। ज्ञातव्य है कि कथा ब्यास आचार्य हरिहर मुद्गल जी महाराज ने श्रीराम के जी विभिन्न प्रसंगों का गायन किया।

## खेतों में जाकर औसम पैदावार जांची

- फसल कटाई प्रयोगों का निरीक्षण करने पहुंचे डा. प्रदीप

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल



**करनाल।** गांव में फसल कटाई का निरीक्षण करने पहुंचे डा. प्रदीप।

जिले में वर्ष रबी 2023-24 के तहत फसल कटाई प्रयोग चल रहे है जिनके आधार पर हर गांवो की औसत फसल पैदावार निकाली जाती है ताकि औसत पैदावार के अनुसार संभावित उत्पादन का निर्धारण हो सकें व इस औसत पैदावार से कम पैदावार वाले किसानो को हुये नुकसान पर फसल का मुआवजा दिया जा सके। सोमवार को डा. प्रदीप मील सयुंक्त निदेशक कृषि अभियंता कृषि विभाग हरियाणा पंचकूला ने कृषि विभाग, करनाल के अधिकारियों के साथ जिला करनाल मे चल रहे फसल कटाई प्रयोगों का निरिक्षण किया। उन्होने अपनी उपस्थिति मे ही गांव तखाना पार्ट (46) ब्लॉक नीलोखेड़ी में गेहूं फसल कटाई प्रयोग का कार्य पूर्ण करवाया। उन्होने जिले के विभिन्न गांवो में किसानों से गेहूं कटाई के कार्य से सम्बंधित किसी प्रकार की समस्या के बारे में जाना व कृषि कार्य से सम्बंधित विभिन्न बहुमूल्य सुझाव भी किसानो को दिये। इस मौके पर उनके साथ कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, करनाल के उप कृषि निदेशक डा. वजीर सिंह, सहायक सांख्यिकी अधिकारी डा. सुनील कुमार आदि रहे।



### खालसा कॉलेज के अमन ने कला स्नातक के पांचवें सेमेस्टर में पाया दूसरा स्थान

**करनाल।** गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल के प्रतिभावान छात्र अमन कुमार ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कला स्नातक के पांचवें सेमेस्टर के हिंदी विषय में दूसरा स्थान प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया हे। इस बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कॉलेज के प्राचार्य डा. गुरिन्द्र सिंह ने बताया कि छात्र अमन कुमार ने बीए के पांचवें सेमेस्टर में हिंदी विषय में 91 प्रतिशत अंकों के साथ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त कर मेरिट में स्थान बनाया है। कॉलेज पहुंचने पर कॉलेज प्रबंधन समिति की महासचिव सरदारनी जसप्रीत कौर विर्क ने छात्र अमन को मिठाई खिलाकर स्वागत किया और विद्यार्थी के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ साथ कॉलेज से हर संभव सहायता उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। छात्र अमन ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, और अपने प्राध्यापक हिंदी विभाग के अध्यक्ष डा. बीर सिंह, डा. बलजीत कौर, डा. प्रियंका एवं डा. अमनदीप कौर को दिया जिन्होंने उसको शिक्षित किया। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान स. कंवरजीत सिंह प्रिंस ने इस उपलब्धि के लिए प्राचार्य, स्टाफ एवं छात्र को बधाई दी।

## बैठक कर उठाई शहर की समस्याएं

- कहा : स्कूलों द्वारा प्रत्येक वर्ष फीस बढ़ाना, निजि प्रशासकों की किताबें लगाना अभिभावकों के साथ अन्याय

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल



**करनाल।** बैठक में समस्याओं पर चर्चा करते सीजीसी के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

सिटीजंस ग्रीवेंसीज कमेटी की कार्यकारिणी की बैठक करनाल क्लब में चेयरपर्सन अंजु शर्मा की अध्यक्षता में हुई। शहर में कानून व्यवस्था, स्कूलों द्वारा फीस बढ़ोतरी व प्राइवेट पब्लिशर की किताबें लगवाना, बिजली संबंधी, उपभोक्ता संबंधी व सफाई व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। इस मौके पर शिक्षा सुधार उप समिति के प्रधान प्रो. एसके गोयल ने कहा कि यह चिंता का विषय है कि प्रत्येक वर्ष फीस बढ़ती व निजी प्रकाशकों की किताबें लगाई जाती हैं। हर वर्ष जिला शिक्षा अधिकारी व प्रशासन के संज्ञान में मामला लाया जाता है, लेकिन मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। अभिभावकों के साथ अन्याय किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्कूल बसों की चैकिंग प्रशासन द्वारा की जा रही है, लेकिन छोटे वाहनों जैसे ई रिक्शॉ व ऑटो में भी क्षमता से ज्यादा बच्चों को बैठाकर ले जाया जाता है, इनकी भी जांच होनी चाहिए। इस अवसर पर महासचिव एसके शर्मा, सचिव प्रो. वीके बंसल, वाइस चेयरमैन ओपी सचदेवा, संरक्षक प्रमोद गुप्ता रहे।



**करनाल।** महर्षि दयानंद राजकीय कन्या महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को संबोधित करते ट्रेनर। *फोटो : हरिभूमि*

### सेमिनार में इन्वेस्टर्स अवेयरनेस पर चर्चा

**करनाल।** महर्षि दयानंद राजकीय कन्या महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत इन्वेस्टर्स अवेयरनेस प्रोग्राम विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें सेबी के स्मार्ट ट्रेनर विश्वदीप शर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि इन्वेस्टमेंट कैसे करना चाहिए, शेयर मार्केट, म्युचुअल फंड और सिक्योरिटी क्या हैं, कैसे अपना काम करती हैं। उन्होंने बताया कि जीवन में आगे बढ़ाने के लिए हर व्यक्ति को कहीं ना कहीं इन्वेस्टमेंट करना अति आवश्यक है। महाविद्यालय की प्राचार्या मेजर डॉक्टर अनीता जून ने छात्राओं को इन्वेस्टमेंट करने के लिए प्रोत्साहित किया और बताया कि आज किया गया इन्वेस्टमेंट ही उनके भविष्य में काम आएगा द्य इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी पर प्राध्यापकगण व छात्राएं उपस्थिति रहीं।

## एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया ने किया टॉप लीडर्स को सम्मानित

# करप्शन फ्री इंडिया अभियान को बढ़ा रहे आगे

- सभी टॉप लीडर्स का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल



**करनाल।** कार्यक्रम में टॉप लीडर्स को सम्मानित करते अतिथि। *फोटो : हरिभूमि*

एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य कर रहे टॉप लीडर्स को डिवेंचर होटल में टॉप लीडर्स सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा, नैशनल चेयरमैन व्यापार प्रकोष्ठ पवन शर्मा एंव अंतर्राष्ट्रीय चेयरमैन राजेश गर्ग ने की। इस अवसर पर सभी टॉप लीडर्स का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। टॉप लीडर्स सम्मान समारोह में डॉ निशा गुप्ता, पवन कुमार कंसल, सत नारायण गर्ग, सुनीता गुप्ता, सतीश मल्होत्रा, मोती राम गर्ग, अश्वनी मेहता, राजेंद्र कुमार, विकास गर्ग, परमजीत कालड़ा, पुनीत गुप्ता, रमा तिवारी, सविता गुलाटी, ध्रुव शर्मा, मुकेश कुमार, सतीश कुमार, पंकज कुमार, गुलशन कुमार शर्मा, भजनीक सिंह, विजय कुमार, शुभम, पवन कुमार, राजन छिब्बर, मुक्ता, सुरेश कुमार, बलवंत सिंह, आशीष कुमार को सराहना उपहार से सम्मानित किया।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर नव नियुक्त पदाधिकारियों राष्ट्रीय निदेशक संदीप अग्रवाल, राष्ट्रीय निदेशक हनी बंसल, प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ रेनू गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष मानवाधिकार प्रकोष्ठ हरियाणा मोनिका गुप्ता को मेम्बरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा ने कहा की फाउंडेशन के टीम मेंबर्स करप्शन फ्री इंडिया अभियान को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। जिसके अंतर्गत भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता प्रोजेक्ट आयोजित किये जाते हैं। इस अवसर पर कृष्णा गुप्ता, पायल मित्तल, फिरदौस अली, शशि शर्मा, संतोष आदि उपस्थित रहे।

## भोले के उद्घोष से गूंजा मंदिर परिसर

- सनातन धर्म मंदिर रामनगर में लगे भोले के जयकारे

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल



**करनाल।** भोले नाथ का गुणगान करते श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

सनातन धर्म मंदिर रामनगर में ओम नमः: शिवाय परिवार की ओर से ओम नमः: शिवाय का सामूहिक जाप किया गया। मुख्य सेवक संजय टिक्का ने शरणम, नमो शरणम, शिवाय शरणम, भोले बाबा शरणम से शिव स्तुति की संगीतमयी शुरुआत की। उन्होंने मेरा यार बन के आओ हरिओम ओम नमः शिवाय भजन गाकर शिव भोले को रिझाया। कलाकारों ने भजन गाकर श्रद्धालुओं को मोह लिया। श्रद्धालुओं ने पहले भोले बाबा को फूलों के श्रृंगार से सजाया फिर हर हर महादेव के जयकारे लगाकर भोलेनाथ को रिझाया। विघ्नहर्ता भगवान गणेश की आराधना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। फिर राम नाम की माला जपी गई। राम नाम की माला से वीर बजरंगी को भी रिझाया। भजनों के बाद प्रसाद वितरित किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद चखा। जाप परिवार के सेवक संजय टिक्का ने श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान जिन भक्तों का जन्मदिन सप्ताह के दौरान आया उन्हें उन्हें मुबारकबाद देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान शिव भक्त नरेश छाबडा, अनिल, सतीश शर्मा, शंटी सचदेवा, रोहित ग्रोवर, कपिल ढल, अशोक दुआ आदि मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

### सिविल अस्पताल में दवाइओं की चोरी

**पानीपत।** पानीपत में सिविल अस्पताल के ओपीडी ब्लॉक के डिस्पेंसरी से चोरों ने दवाइयां चोरी कर ली। चोर, ओपीडी के शीशे तोड़कर भीतर घुसा। इस दौरान शीश चुभने से चोटिल हो गया और मेडिकल स्टोर की दीवारों पर चोर के खून के धब्बे लगे है। इधर, डिस्पेंसरी में से करीब 2100 गोलियां चोरी हुई है। सभी गोलियां नींद, नशा एवं दर्द की है। ये सभी दवाइयां महंगी है। चोरी की गई दवाइयां डॉक्टरों की पर्ची के बिना नहीं मिलती। इधर, थाना सिटी पुलिस ने अज्ञात पर चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पानीपत से छात्रा लापता हुई, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत की एक कॉलोनी में रहने वाली आठवीं कक्षा की छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। लडकी का परिवार उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी का निवासी है। वही, पढ़ाई नहीं करने पर लडकी को उसकी मां ने डांटा था। इससे आहत लडकी घर छोड कर चली गई। परिजनों ने उसकी हर संभावित जगह पर तलाश की, मगर उसका कहीं कोई सुराग नहीं मिला। इधर, पिता की शिकायत पर थाना तहसील कैंप पुलिस ने केस दर्ज कर लडकी की तलाश शुरू कर दी है।

### ब्रह्माकुमारीज सेंटर पर कार्यक्रम का आयोजन

**पानीपत।** हुडा सेक्टर 25 स्थित ब्रह्माकुमारीज सेंटर पर नवरात्रे के उपलक्ष में कार्यक्रम किया गया। माता रानी का दरबार लगाया गया। सेक्टर 25 सेंटर की मुख्य संचालिका बी. के.अंजना बहन ने नवरात्रे का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा की नवरात्रे में पूजा पाठ, सात्विक भोजन ग्रहण करते हैं। व्रत रखते हैं, भजन कीर्तन करते हैं। चारों तरफ दिव्यता और पवित्रता होती है। ब्रिटेन से पधारे हैरी भाई मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और नवरात्रों की शुभकामनाएं दी।

### विद्यार्थियों ने देखा जादू का शो

**पानीपत।** विद्या भारती माडर्न स्कूल खादी आश्रम जीटी रोड में उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र दहिया के आदेशानुसार रेड क्रॉस सोसाइटी के लिए मैजिक शो का आयोजन किया गया। जिसमें देशराज ने बच्चों को जादू का खेल दिखाया। इस अवसर पर विद्यालय की मुख्याध्यापिका मीनाक्षी, अध्यापकगण व विद्यालय के सभी बच्चों ने भाग लिया। मुख्याध्यापिका मीनाक्षी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यालय में होने से बच्चों में उत्साह का संचार होता है।

### घर से नकदी और आभूषण चोरी

**यमुनानगर।** चोरों ने गांधीनगर कॉलोनी में एक घर में घुसकर पर्स से तीन हजार रुपये तथा हजारों रुपये के चांदी के जेवर चोरी कर लिया। गांधी नगर निवासी मालती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रात 11 बजे वह अपने बच्चों के साथ कमरे में सो गई थी। सुबह जब वह उठी तो उसने देखा कि घर में रखा सामान बिखरा पड़ा है। जांच करने पर पर्स से तीन हजार रुपये, मोबाइल, पाजेब, चांदी की अंगूठी व अन्य सामान गायब था। पुलिस ने जांच के बाद केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में विश्व कला दिवस मनाया गया

# संस्कृतियों, समुदायों व विषयों के बीच सेतु का काम करती है कलाः डॉ अनुपम

विश्व कला दिवस मनाने की तिथि लियोनार्डो दा विंची के जन्मदिन के सम्मान में चुनी गई थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में विश्व कला दिवस को रचनात्मकता के भाव के साथ मनाया गया। वही, प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने कहा कि विश्व कला दिवस जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में कला के महत्त्व को स्थापित करती है चाहे वह खुद कला का क्षेत्र हो, या वाणिज्य का या फिर विज्ञान का। गुरु रविन्द्र नाथ टैगोर द्वारा स्थापित शांति निकेतन इस बात का जीता-जागता सबूत है कि ज्ञान के सम्प्रेषण और इसे ग्रहण करने की क्षमता कला के माध्यम से कई गुणा बढ़ जाती है। कला के विभिन्न स्वरूपों के माध्यम से न सिर्फ ज्ञान रुचिकर बनता है बल्कि इसे सीखना और भी अधिक आसान हो जाता है। सत्यम, शिवम सुंदरम की अवधारणा कला की ही सर्वोत्तम अभिव्यक्ति है।


पानीपत। एसडी कॉलेज में पेंटिंग को निहारते हुए प्राचार्य डॉ अनुपम अरोडा, आदि। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने कहा कि 15 अप्रैल को विश्व कला दिवस मनाने की तिथि लियोनार्डो दा विंची के जन्मदिन के सम्मान में चुनी गई थी । आज भी दा विंची को इतिहास के महानतम कलाकारों में से एक माना जाता है जिन्होंने चित्रकला, मूर्तिकला, वास्तुकला, विज्ञान और इंजीनियरिंग सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान दिया था। यह दिवस कला और रचनात्मकता के महत्व को रेखांकित करता है। उन्होंने कहा कि कला विभिन्न संस्कृतियों और समुदायों के बीच एक सेतु का काम करती है जिससे एक दूसरे को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलती है।



# जनता के सच्चे हितैषी हैं पूर्व सीएम मनोहरः रणदीप

- बेदाग छवि वाले मनोहर ने जनहित में अपनी पैतृक संपत्ति भी दान की, हरियाणा की सभी दस लोकसभा सीटों पर भाजपा की जीत होगी

**पानीपत।** आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल के प्रधान आर्य रणदीप कादियान ने कहा कि हरियाणा में भाजपा प्रत्याशी सभी दस लोकसभा सीटों पर ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे। वही, करनाल लोकसभा के उम्मीदवार एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल रिकार्ड मतों से जीत दर्ज करेगे। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम मनोहर लाल 17 अप्रैल को गांव सिवाह के डॉक्टर भीमराव अंबेडकर भवन में जनसभा को संबोधित करेगे। वही, हरियाणा के विकास एवं पंचायत और सहकारिता मंत्री महिपाल ढांडा जनसभा की अध्यक्षता करेगे। सभा के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होगे। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल, संत स्वरूप इंसान है, दस सालों तक मुख्यमंत्री के रूप में जनता की निष्काम सेवा की। वही मनोहर लाल हरियाणा के पहले ऐसे मुख्यमंत्री है जिन्होंने अपनी पैतृक संपत्ति भी जनता को दान कर दी। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल की जनसभा में करीब 20 गांवों के सरपंच, पंच व ग्रामीण भाग लेगे और यह जनसभा ऐतिहासिक होगी। उन्होंने दावा किया कि भाजपा आम जनता की पार्टी है, ना की किसी एक परिवार की।

इस अवसर पर गांव बुढ़शाम के सरपंच राहुल सिंह और विद्यालय के कोषाध्यक्ष मेहताब मलिक आदि भी उपस्थित रहे।



पानीपत। आर्य कॉलेज रिटायर्ड प्रोफेसर्स एसोसिएशन के पदाधिकारीगण।

# आर्य कॉलेज रिटायर्ड प्रोफेसर्स की बैठक हुई

- बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

रिटायर्ड कॉलेज प्रिंसिपल्स एंड टीचर्स एसोसिएशन हरियाणा से संबद्ध आर्य कॉलेज रिटायर्ड प्रोफेसर्स एसोसिएशन की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता प्रधान डॉ.ए.पी.जैन ने की। इसमें सचिव डॉ. अनिरुद्ध भारती ने गत माह आर्य कॉलेज में हरियाणा एसोसिएशन की सफल व्यवस्थित बैठक की सर्वत्र हुई प्रशंसा के संबंध में विस्तार से बताया।

पानीपत जोन के अध्यक्ष डॉ. एच. एस. वर्मा, सलाहकार डॉ. एस. एस. लाल, कोषाध्यक्ष प्रो. के. बी. सेतिया ने गत माह की बैठक के बाद हरियाणा एसोसिएशन की गतिविधियों के संबंध में विस्तार से चर्चा की। बैठक में डॉ. एस. आर. गोयल, प्रो एस.के. जैन, प्रो. राकेश मोहन आदि उपस्थित रहे।

### पुलिस ने पैदल मार्च किया

**समालखा।** लोकसभा चुनाव को लेकर लगाई गई आचार संहिता के तहत सोमवार को पुलिस उपाधीक्षक नरेंद्र कादियान व 88 बटालियन सीआरपीएफ ऑफिसर कमांडिंग इंस्पेक्टर अंजू त्यागी के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों व सीआरपीएफ जवानों ने शहर के मुख्य चौराहों समालखा शहर, वाल्मीकि बस्ती, चुलकाना, किवाना, नारायणा, बुडशाम के रास्ते मनाना, बिहोली, बापौली में पैदल फ्लैग मार्च निकाला।

- पैदल मार्च में समालखा थाना प्रभारी फूल कुमार, समालखा थाना से सब

पैदल मार्च में समालखा थाना प्रभारी फूल कुमार, समालखा थाना से सब इंस्पेक्टर महेंद्र, बापौली थाना एसएचओ अतर सिंह, थाना सनौली एसएचओ संदीप कुमार, तहसीलदार समालखा, समालखा चौकी इंचार्ज वीरेंद्र कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी इस फ्लैग मार्च में शामिल हुए।



पानीपत। एसडी कॉलेज में अपनी बनाई पेंटिंगस का प्रदर्शन करते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# शिक्षित होकर आत्मनिर्भर बनें विद्यार्थी

- छात्राओं को पेंटिंग, टाई एंड डाई और कोस्टर मेकिंग के टिप्स के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान एवं प्रशिक्षण दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में चार दिवसीय फेविक्रिल कार्यशाला का विधिवत समापन हो गया। जिसका उद्देश्य कॉलेज की गृह विज्ञान की छात्राओं को आत्मनिर्भर और कौशलपूर्ण बनाने हेतू जागरूक एवं प्रशिक्षित करना रहा। कार्यशाला में प्रशिक्षण फेविक्रिल विशेषज्ञ प्रशिक्षिका अलका जैन ने पधार कर छात्राओं को पेंटिंग, टाई एंड डाई और कोस्टर मेकिंग के टिप्स के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान एवं प्रशिक्षण दिया और सरकार के कौशल विकास के उद्देश्य की पूर्ति की। अलका जैन जिन्हें पिडिलाईट की विशेष आर्टिस्ट के तौर पर 18 वर्षों से अधिक का अनुभव प्राप्त है वे सम्पूर्ण भारत की चार विशेष आर्टिस्टों में से एक नाम उनका है । उनके दिए इस ज्ञान और अनुभव की बदौलत ये छात्राएं भविष्य में इस हुनर को प्रोफेशनल तौर पर किसी व्यवसाय में शुरू कर सकती है। यह प्रशिक्षण न सिर्फ छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाएगा बल्कि उन्हें दूसरों को रोजगार देने वाला भी बनाएगा। वहीं अलका जैन का स्वागत प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा और गृह विज्ञान विभाग से प्रो तन्नु वैद ने किया।

इधर, डॉ अनुपम अरोड़ा प्राचार्य ने कहा कि पेटिंग के क्षेत्र में कमाई असीमिति है परन्तु यह काफी हद तक हमारे अनुभव और टैलेंट पर निर्भर करता है। वही, एक अच्छा पेंटर समय के साथ बेहतर होता चला जाता है और इस क्षेत्र में एक बार नाम होने पर हम हर प्रकार की विधा में कार्य कर सकते है। पेंटर के रूप में व्यक्ति विभिन्न कलाकृतियां बना सकता है।

### वोटर्स को जागरूक करें टीचर्स

**पानीपत।** हरियाणा में 25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव के दृष्टिगत अधिक से अधिक मतदान हो इसके लिए 19 अप्रैल को सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में प्रात 11:30 बजे मतदाता शपथ होगी। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ वीरेंद्र दहिया ने अनूठी पहल करते हुए सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के प्रिंसिपल के साथ सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में अपील करते हुए कहा कि इस दिन सभी अपने स्कूलों में मतदाता शपथ का आयोजन करवाई और सभी बच्चों से मतदान के प्रति ज्यादा से ज्यादा बढ़ाने की शपथ भी दिलवाएं यही नहीं स्कूल परिसर में आने वाले सभी अभिभावकों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

### चोरी का आरोपी पकडा

**पानीपत।** थाना समालखा पुलिस ने झट्टीपुर गांव की सड़क पर बनी किराने की दुकान की छत उखाड़कर सामान व नगदी चोरी करने वाले दूसरे आरोपी अनिल उर्फ गौरव निवासी झट्टीपुर को गिरफ्तार किया है।



# डॉ.भीमराव को जयंती पर श्रद्धांजलि दी

## पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स में किया गया आयोजन

**पानीपत।** पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स (पीआरपीसी) ने इंडियन ऑयल पानीपत एससी/एसटी इम्प्लाईज वेलफेयर एसोसिऐशन (आईपीसेवा) के सहयोग से भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती बड़े उत्साह एवं श्रद्धा भाव से मनाई। इस उपलक्ष्य में 30 मार्च से 14 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रमों का शानदार एवं सफल आयोजन किया गया और इनमें भाग लेने वालों को सम्मानित किया गया। इधर, सांस्कृतिक संध्या में एमएल डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी मुख्य अतिथि की रूप में उपस्थित हुए।

इस अवसर पर पीआरपीसी के मुख्य-महाप्रबंधकगण, महाप्रबंधकगण,वरिष्ठ अधिकारीगण,बड़ी संख्या में आईओसिएनस उनके परिजन तथा आसपास के गांवों के सरपंच भी मौजूद रहे। वही, डहरिया ने कहा कि बाबा साहेब भारत के युगपुरुष हैं और हर भारतीय के दिल में उनके प्रति सच्ची श्रद्धा एवं सम्मान है। बाबा साहेब, हमारे महान संविधान के प्रमुख शिल्पकार, एक उत्कृष्ट विद्वान, एक महान चिंतक, दार्शनिक, दूरदृशटा, अर्थशास्त्री, उदधारक एवं एक सच्चे राष्ट्रभक्त थे।

### देवीलाल कॉलेज की टीम प्रथम

**इसराना।** राजकीय कॉलेज गांव इसराना में सोमवार को कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के तत्वावधान में हुई जोनल इंटर कॉलेज खो खो प्रतियोगिता में ताऊ देवीलाल कॉलेज सिवाह की टीम ने प्रथम, राजकीय कॉलेज गांव इसराना की टीम द्वितीय व गुरु ब्रह्मानंद गर्ल्स कॉलेज अंजनथली करनाल की टीम तृतीय रही। प्रतियोगिता के समापन पर मुख्यातिथि धर्मपाल जागलान व प्राचार्य डॉ बलिंद्र गुलिया, प्रोफेसर डॉ रीति गुप्ता, डॉ प्रवीण कुमार, डॉ मुकेश देशवाल, डॉ ममता गुलिया, कुलबीर कादियान, डॉ प्रतीक मोर, डॉ नसीब अहलावत, डॉ संगीता, अजय भूक्कर, अजय धनखड़, सुमन व कविता आदि ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

# एनसीसी फेस्ट में छाए कैडेट्स

- आर्य कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने सोनीपत के जीवीएम कॉलेज में आयोजित एनसीसी फेस्ट में शानदार प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आर्य कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने सोनीपत के जीवीएम कॉलेज में आयोजित एनसीसी फेस्ट में शानदार प्रदर्शन कर कॉलेज का नाम रोशन किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने सोमवार को विजेता प्रतिभागियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की व साथ ही उन्होंने कॉलेज के एनसीसी इकाई के प्रभारी लेफटीनेंट डॉ. शिवनारायण को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जीवीएम कॉलेज, सोनीपत में आयोजित एनसीसी फेस्ट में आर्य कॉलेज के कैडेट रोहित ने स्टैंडिंग जम्प में दूसरा स्थान, डांस में कैडेट करीना ने तीसरा स्थान व ड्रिल स्पर्धा में भी तीसरा स्थान हासिल कर अपने महाविद्यालय का नाम रोशन किया। डॉ. गुप्ता ने यह भी बताया कि कॉलेज की एनसीसी इकाई समय-समय पर आर्य कॉलेज में भी कई प्रकार के शिविर व कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती है।


पानीपत। आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ जगदीश गुप्ता से आशीर्वाद लेते हुए एनसीसी कैडेट्स।

# योग से मानव शरीर रहता है स्वस्थ्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

भारतीय योग संस्थान का स्थापना दिवस डीएवी पार्क मॉडल टाउन पानीपत में जिला टैगोर पानीपत द्वारा जिला प्रधान डॉ अनिल भाटिया की अध्यक्षता में धूमधाम से मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि समाज सेविका किरण भाटिया ने शिकरत की। वही, आसन एवं प्राणायाम कराए गए योग गीत के माध्यम से साधिकाओं ने आसनों की पेशकश की टैगोर जिला प्रधान डॉ अनिल भाटिया ने योग के लाभ बताए एवं निशुल्क योग साधना केंद्र पर आने के लिए सभी को प्रार्थना की। जबकि मंच संचालन ज्योति भाटिया ने किया। इधर, योग प्रेमियों ने मिलकर योग किया और प्रार्थना एवं शांति पाठ के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर जवाहर लाल ग्रोवर, श्याम सुंदर दत्त, नंद राजेंद्र बत्रा, सुनील वधवा आदि उपस्थित रहे।

- भारतीय योग संस्थान का स्थापना दिवस मनाया

# पानीपत के स्कूलों की 10 बसों के चालान व चार इंपाउंड की

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया के नेतृत्व में सडक सुरक्षा नियमों की पालना को सुनिश्चित करने व सडक दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य को लेकर जिला में विशेष चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिला में सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की पालना के लिए चलाए गए अभियान के तहत स्कूल बसों के चालक व परिचालक के लिए जारी किये गये निर्देशों की पालना करने बारे अवगत करवाया जा रहा है। उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने बताया कि इसी कड़ी में सोमवार को सुरक्षित स्कूल वाहन नीति, मोटर व्हीकल एक्ट और अन्य संबंधित नियमों की अवहेलना के आरोपों में कुल 10 स्कूल वाहनों के चालान किए गए हैं तथा चार स्कूल वाहन को इंपाउंड किया गया। कुल 70 वाहनों की चेकिंग की गई थी। उन्होंने कहा कि जिला में संचालित सभी प्राइवेट स्कूलों के वाहनों की शत-प्रतिशत चैकिंग होगी। उन्होंने बताया कि स्कूल बसों द्वारा स्कूली बच्चों के सुरक्षित आवागमन के मध्येनजर जिला में सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत जिला प्रशासन द्वारा विशेष रुप से कड़ी निगाह रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि स्कूल बसों के चालकों व परिचालकों के साथ ही छात्रों व अन्य मौजूद स्कूल अध्यापकों को भी ट्रैफिक नियमों बारें अवगत करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए चलाया जा रहा अभियान लगातार जारी रहेगा।

## अफ्रीकी देश मोजांबिक के लिए रोटरी क्लब का मेडिकल मिशन रवाना

# सबसे बडा धर्म है मानवता की सेवा : सांसद संजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

रोटरी क्लब पानीपत रॉयल की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मोजांबिक देश में होने वाले मेडिकल मिशन के दल को रवाना किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करनाल लोकसभा क्षेत्र के सांसद संजय भाटिया ने की एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विधयाक श्री प्रमोद विज रहे। सांसद संजय भाटिया ने रोटरी क्लब के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगाए जाने वाले मेडिकल मिशन की सराहना की।

उन्होंने बताया कि स्नेह एवं सम्मान की तरह सेवा को किसी बंधन में नहीं बांधा जा सकता भारतवर्ष के प्रत्येक नागरिक में संस्कार एवं सेवा की भावना है। मोजांबिक मेडिकल मिशन की समस्त रूपरेखा रोटेरियन रमन अनेजा ने की है। वही रमन अनेजा ने बताया की लगभग 1000 किलोग्राम दवाइयां एवं उपकरण यह दल अपने साथ लेकर जाएगा। रोटरी क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अरुण भोंगिया ने बताया कि लगभग 600 से ज्यादा सर्जरी, ओपीडी एवं ट्रेनिंग वहां दी जाएगी। इस मेडिकल मिशन पर लगभग कुल लगभग 90 लाख रुपए का खर्चा आएगा।

वही, रोटरी इंटरनेशनल द्वारा यह अंतरराष्ट्रीय 44 वां मिशन है। जबकि विधायक प्रमोद विज ने बताया की सेवा का कार्य करने का मौका बहुत ही कम लोगों को मिलता है उनकी भी इच्छा है कि वह भी एक ऐसे मिशन पर जाकर मानवता की सेवा करें। इधर, मेडिकल मिशन टीम हेड रोटेरियन रंजीत भाटिया ने बताया की यह अंतरराष्ट्रीय मेडिकल मिशन अपने आप में अभूतपूर्व रहेगा तथा इसके बाद श्रीनगर मेडिकल कैंप लगेगा। इस अवसर पर मेडिकल टीम के हेड डॉक्टर करण सिंह, पास्ट रोटरी गवर्नर रमेश बजाज, शशि चड्ढा, सुदर्शन चुघ, अनिल बरेजा, प्रेम अरोड़ा मौजूद रहे। रोटरी क्लब पानीपत रॉयल की ओर से अध्यक्ष अनिता मेहरा एवं उपाध्यक्ष कंवर रविंद्र सैनी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

रोटरी क्लब की ओर से राहुल अग्रवाल, विपिन सरदाना, विनीत शर्मा, पुनीत गोयल, अरुण गोयल, सुमित मित्तल, मनमोहन अग्रवाल, रवि दिलावरी, ज्योति अग्रवाल एवं शहर के गण मान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



पानीपत। अफ्रीकी देश मोजांबिक के लिए रवाना होते हुए रोटरी क्लब के पदाधिकारीगण सांसद संजय भाटिया के साथ।

## खबर संक्षेप

### लोकसभा चुनाव को लेकर हुई रिहर्सल

**बराड़ा।** सहायक रिटर्निंग अधिकारी बिजेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में लोक सभा आम चुनाव 2024 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए पीठासीन अधिकारी व अतिरिक्त पीठासीन अधिकारियों की रिहर्सल आयोजित की गई। मास्टर ट्रेनर नवीन गर्ग, मोहिंद्र सिंह, राकेश कुमार व वीरेंद्र सिंह ने रिहर्सल में चुनाव प्रक्रिया की बारीकियों बारे जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर द्वारा ईवीएम की कंट्रोलिंग व बैलेट यूनिट की विस्तार से जानकारी दी।

### उपभोक्ताओं की समस्या का होगा समाधान

**अंबाला।** बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण करने के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अंबाला शहर के अधीक्षक अभियंता यूएचबीवीएन कार्यालय में मंगलवार प्रात 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक बैठक का आयोजन किया जाएगा। अधीक्षक अभियंता विनोद कुमार गोयल ने बताया कि बैठक में बिजली संबंधित वे समस्याएं जिनका स्थानीय अधिकारियों से मिलने के उपरांत भी कोई समाधान नहीं हो पा रहा है, ऐसे सभी उपभोक्ता अपनी समस्याओं को इस फोरम के समक्ष रख सकते हैं।

### लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशिक्षण दिया

**अंबाला।** लोकसभा आम चुनाव के दृष्टिगत अतिरिक्त उपायुक्त एवं स्वीप एक्टीविटी की नोडल अधिकारी अपराजिता की अध्यक्षता में मास्टर ट्रेनर कुनाल शर्मा व गुरदीप सिंह ने सोमवार को एडीसी कार्यालय में चुनाव के तहत लगाए गये प्रिजाइडिंग ऑफिसर व अन्य को चुनाव के तहत पेपर वर्क, ईवीएम मशीन के साथ-साथ चुनाव संबंधित प्रशिक्षण दिया।अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने बताया कि चुनाव के तहत उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे बेहतर तरीके से निर्वहन करें।

### स्कूली वाहनों की चेकिंग करें अधिकारीः डीसी

**अंबाला।** डीसी डॉ. शालीन ने कहा कि स्कूली विद्यार्थियों की सुरक्षा करना एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के नियमों की पालना सुनिश्चित करवाना भी हमारा दायित्व है। शैड्यूल के अनुसार अधिकारी स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत वाहनों की चेकिंग करते हुए इन नियमों की पालना करवाना सुनिश्चित करवाएं। यदि नियमों की अवहेलना होती है तो 10 दिन का समय देकर नियमों की पालना करवाएं।

### दुकान की सील तोड़ने वाला शामिल जांच

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज नगर निगम द्वारा सील की गई दुकान को बिना अनुमति के तोड़कर प्रवेश करने के मामले में पुलिस ने आरोपी राज कुमार को शामिल जांच किया है। नगर निगम के कार्यकारी अभियंता ने 18 जनवरी 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 21 दिसंबर 2023 से 9 जनवरी 2024 के दौरान आरोपी राजकुमार ने कार्यालय नगर निगम की बिना अनुमति के दुकान की सील के साथ छेड़छाड़ कर दुकान में प्रवेश करने का अपराधिक कार्य किया है।

### धमकी देने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज किशोरी से दुर्व्यवहार कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी सुखदेव उर्फ शुभम को गिरफ्तार किया है। किशोरी की बहन ने 14 मार्च 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी आरोपी सुखदेव उर्फ शिवम ने उसकी मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है।

### पुलिस ने आरोपी को जांच में किया शामिल

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी अर्जुन कुमार को जांच में शामिल किया है। पीड़ित महिला ने 24 फरवरी 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी थ्रीव्हीलर चालक की लापरवाही से हुए हादसे में उसकी बेटी की मौत हो गई थी। इस शिकायत पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था।

---

### 17 छात्रों को ने वोटर आईडी कार्ड के लिए किया आवेदन

# छात्रों को वोट बनवाने के लिए किया जागरूक

कैंप में मतदाता हेल्पलाइन के टोल फ्री नम्बर 1950 के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी


**नारायणगढ़।** कैंप के दौरान वोट संबंधी जानकारी लेते हुए छात्र। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारायणगढ़

राजकीय महाविद्यालय में वोटर जागरूकता अभियान के तहत एक कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में चुनाव कार्यालय से आए बीएलओं नरेंद्र सिंह द्वारा विधार्थियों को वोटर कार्ड बनवाने, अपने मत का सही इस्तेमाल करने एवं अन्य लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने संबंधित जरूरी जानकारी प्रदान की गई। कैंप में 17 विद्यार्थियों द्वारा अपना वोटर कार्ड बनवाने के लिए आवेदन भी किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. संजीव कुमार तथा वोटर कार्ड कमेटी के संयोजक प्रो. सुभाष कुमार ने भी विद्यार्थीयों को मतदान के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. संजीव कुमार ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव का अपना एक विशेष है और सभी मतदाताओं को चाहिए कि वे अपने विवेक से लोकतंत्र के इस पर्व में वोट अवश्य डाले और सरकार बनाने में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशानुसार प्रशासन द्वारा स्वीप/ सिस्टमेटिक वोटर्स एजूकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन कार्यक्रम के तहत कई प्रकार के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी कड़ी में महाविद्यालय में भी विद्यार्थीयों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए है। उन्होंने मतदाता हेल्पलाइन टोल फ्री नम्बर 1950 के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर वोटर कार्ड कमेटी के संयोजक प्रो. सुभाष कुमार ने कहा कि जिन विद्यार्थियों की वोट बन गई है वे अपने मताधिकार का प्रयोग करंन और 25 मई को अपने क्षेत्र के मतदान केंद्र पर जाकर वोट डाले। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और चुनाव लोकतंत्र का पर्व है। इस पर्व पर अपने मत का प्रयोग कर मनाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थीयों से कहा कि वे न केवल स्वयं वोट डालने जाएं बल्कि अपने परिजनों तथा आस-पडौस के मतदाताओं को भी वोट डालने के लिए जागरूक करें। उन्होंने कहा कि कुछ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने में रूचि नहीं लेते है और मतदान के दिन वोट डालने नहीं जाते है। ऐसे मतदाताओं को जागरूक करें कि वे चुनाव के दिन सारे काम छोड़ कर वोट डालने अवश्य जाएं। इस अवसर पर कालेज स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।

#### लोकतंत्र की मजबूती को मतदान के लिए युवाओं को करें जागरूक

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और चुनाव लोकतंत्र का पर्व है। इस पर्व पर अपने मत का प्रयोग कर मनाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थीयों से कहा कि वे न केवल स्वयं वोट डालने जाएं बल्कि अपने परिजनों तथा आस-पडौस के मतदाताओं को भी वोट डालने के लिए जागरूक करें।

---

# बादलों के बदलते तेवरों से किसान चिंतित

- हजारों क्विंटल गेहूं खुले आसमान के नीचे अनाजमंडियों में पड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। राजौंद


**राजौंद।** अनाज मंडी में खुले में पड़ी गेहूं की बोरियां। फोटो :हरिभूमि

राजौंद में पिछले दो दिनों से अचानक मौसम में परिवर्तन हुआ है और आसमान पर छाएं बादलों से किसानों व आढ़तियों की सांसे अटक कर रह गई क्योंकि हजारों क्विंटल गेहूं खुले आसमान के नीचे मंडियों में पड़ा है। आसमान में काले बादल जहां छाए हुए हैं वहीं बरसात होने की भी पूरी पूरी संभावना बनी हुई है। अगर बरसात हुई तो मंडी में खुले में पड़े हजारों क्विंटल गेहूं में भारी नुकसान हो सकता है। क्योंकि मंडी में एक ही शेड है और शेड के अलावा खुले में हजारों क्विंटल गेहूं पड़ा है। इसके अलावा राजौंद जाखौली सेरधा में तो शेड भी नहीं है। वहां और भी ज्यादा नुकसान हो सकता है। इस बारे राजौंद अनाज मंडी के आढ़ती राजेश राणा, महिपाल, भीम शर्मा माते राम, जॉनी राणा ने बताया कि बरसात हुई तो खुले में पड़ी हुई गेहूं को काफी नुकसान होगा। क्योंकि तीन-चार दिन से ढुलाई का कार्य बहुत धीमा चल रहा है, जिससे बोरियों काफी मात्रा में पड़ी है और खुले में भी काफी गेहूं की ढेरियां पड़ी हुई है।

### गांव पोली में लगाया नशा मुक्ति कैंप

**जुलाना।** जुलानाक्षेत्र के पौली गांव में पुलिस प्रशासन ने नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी नवीन मोर ने शिरकत की। शिविर के पहले दिन गांव के करीब 15 युवाओं ने शिविर मे भाग लिया व नशे की लत से छुटकारा पाने के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करवाया। नशा मुक्ति टीम प्रभारी उपनिरीक्षक नरेश ने बतलाया की टीम ने गांव पोली में डोर टू डोर सर्वे कर अब तक 20 लोगों की पहचान की है जो ड्रग की लत प्रभावित है । उन्होंने कहा कि ड्रग प्रभावित गांवों मे सुधार के लिएए नशे की लत में पड़े युवाओं का उपचार कर उन्हें मुख्य धारा में जोड़ने के लिए सात दिवसीय नशा मुक्ति शिविर लगाए जाएंगे।

## नाबालिग खिलाड़ी से दुष्कर्म के दोषी कोच को 10 साल की कैद

- गेम खिलाने का झांसा देकर खिलाड़ी को नरवाना ले गया था दोषी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा. चंद्रहास की अदालत ने नाबालिग खिलाड़ी के साथ दुष्कर्म करने के जुर्म मे कोच को दस साल का कारावास तथा 15,500 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न भरने की सूरत मे दोषी को एक साल का अतिरिक्त कारवास भुगतना होगा। अदालत में चले अभियोग के अनुसार एक महिला ने 31 जुलाई 2023 को पुलिस को दी शिकायत मे बताया था कि साढे.14 वर्षीय खिलाड़ी है। जो कोच राजनगर निवासी कृष्ण की देखरेख मे प्रैक्टिस करती थी। 29 जुलाई 2023 को कोच कृष्ण उसकी बेटी को नरवाना के नवदीप स्टेडियम मे गेम करवाने का झासा देकर अपने साथ ले गया। जहा पर आरोपित ने उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया। घटना के बारे मे आरोपित ने किसी को बताने पर बुरा अजाम भूगतने की धमकी दी। पीडिता की मां की शिकायत पर महिला थाना पुलिस ने कोच कृष्ण के खिलाफ अपहरण, बधक बनाने, दुष्कर्म करने समेत विभिन्न धाराओ के तहत मामला दर्ज कर आरोपित को गिरफतार कर लिया था।

---


कॉलेज में हिंदी लेखन कौशल कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्राएं।

## सृजनात्मक लेखन से ही विचारों में स्पष्टता संभव

- हिंदी लेखन कौशल'' विषय राजभाषा हिंदी के लिए एक बेहतरीन कदम : आर्य
- छात्राओं में शुद्ध बर्तनी के अभ्यास से सृजनात्मकता तथा मौलिक रचना करने में निपुणता आएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

आर्य गर्ल्ज कॉलेज में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी.) योजना के तहत हिंदी विभाग द्वारा शॉर्ट टर्म कोर्स (लघु समयावधि पाठ्यक्रम) का आयोजन किया गया। इस कोर्स का विषय ''हिंदी लेखन कौशल'' है जिसका उद्देश्य छात्राओं में विचारात्मक लेखन का गुण विकसित करना है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनुपमा आर्य ने इस प्रकार के कोर्स को अपनी राजभाषा हिंदी के लिए एक बेहतरीन कदम बताया। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस पाठ्यक्रम में लगभग सभी तत्व मौजूद हैं जिसके द्वारा छात्राएं अपने अनुभवों तथा विचारों को स्पष्टता से व्यक्त कर सृजनात्मक रूप से कागज पर उतारने का गुण विकसित कर पाएंगी जो कि आत्म विकास को मजबूती प्रदान करेगा। इससे उनमें छुपे अच्छे वक्ता तथा लेखक के गुण भी उजागर होंगे जो भविष्य में उनके लिए सुनहरे अवसर उपलब्ध करवाएगा। हिंदी विभाग से प्रो. ममता भटनागर ने कोर्स के उपविषयों के बारे में बताते हुए कहा कि छात्राओं में शुद्ध बर्तनी के अभ्यास से सृजनात्मकता तथा मौलिक रचना करने में निपुणता आएगी। यूजीसी अध्यक्ष प्रो. एम. जगदीश कुमार के अनुसार इस तरह के प्रशिक्षण उच्च शिक्षण संस्थाओं में विद्यार्थियों को सहयोग देने के लिए आयोजित किए जाते हैं जिससे उनके व्यक्तित्व में निखार आ सके। छात्राएं भी हिन्दी लेखन कौशल कोर्स को लेकर उत्सहित दिखीं तथा रूचिपूर्ण उन्होंने इसमें भाग लिया।

## देश की जनता ने भाजपा और उसकी नीतियों को ठुकरायाः मलौर

- पूर्व विधायक बोले विपक्ष की आवाज़ को दबाकर चुनाव जीतने का असफल प्रयास कर रहे हैं पीएम मोदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला


**अंबाला।** कार्यकर्ताओं के साथ हर घर कांग्रेस अभियान में हिस्सेदारी करते पूर्व विधायक मलौर। फोटो : हरिभूमि

पूर्व विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य जसबीर मलौर ने कहा कि देश की जनता ने भाजपा और उसकी नीतियों को ठुकरा दिया है। लोकसभा चुनाव में हार सामने देखकर बौखलाये हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह विपक्ष की आवाज दबाने के लिए विपक्षी नेताओं पर झूठे मुकद्दमें दर्ज कर रहे हैं। मलौर सोमवार को हर घर कांग्रेस, घर घर कांग्रेस अभियान के तहत गांव ईस्माइलपुर में मतदाताओं से संपर्क कर रहे थे। उन्होंने कहा भाजपा पिछले 10 वर्षों से झूठे चुनावी मुद्दों के आधार पर मतदाताओं को गुमराह करके चुनाव जीतती रही है। अब देश की जनता भाजपा की झूठ और लूट की राजनीति को समझ चुकी है। भाजपा ने देश की जनता का विश्वास खो दिया है और मतदाताओं को गुमराह करने के लिए 400 पार का नारा दिया गया है। पिछले 10 वर्षों में भाजपा ने एक भी चुनावी वायदा पूरा नही किया। वर्ष 2014 में युवाओं को रोजगार, गरीब लोगों के खाते में 15-15 लाख रुपये डालने,किसानों को स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार लाभकारी मूल्य देने, व्यापारियों को इंस्पेक्टर राज से मुक्ति दिलवाने, महिलाओं की सुरक्षा जैसे वायदे किये थे। इसी प्रकार 2019 भी युवाओं सहित अन्य वर्गों को लुभावने वायदों से गुमराह करके चुनाव जीता था। अब देशवासी भाजपा की वास्तविकता को जान चुके हैं। चुनाव में मजा चखाने का मन बना चुके हैं। भाजपा चुनाव में हर से पूरी तरह डरी हुई है। भाजपा ने लोकतांत्रिक मूल्यों पर ताक पर रखकर विपक्ष की राज्य सरकारों को तोड़कर और ईडी, सीबीआई का दुरुपयोग करके विपक्ष के नेताओ को परेशान करके चुनाव जीतना चाहती है। अब की बार 2024 के लोकसभा चुनावों में देश मे भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ेगा। प्रदेश में भाजपा का खाता तक नहीं खुलेगा।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर पूर्व चेयरमैन मलिक जगौली , पूर्व जिला परिषद सदस्य कृष्णलाल दुर्गानगर ,बलजिंदर बलाना , अमरजीत सिंह, काला मलौर , लाभ सिंह ठरवा , टिंका कांवला, बलजिंदर खैरा , तरणदीप पूनिया , महेंद्र सैनी ,हरबंस ईस्माइलपुर, बलजीत सिंह, बलकार सिंह पूर्व सरपंच, निंदर पंजौला, शिंपू चौडमस्तपुर, अवतार अमींपुर , राहुल भारद्वाज भी मौजूद रहे।


### गेहूं में नमी के नाम पर किया जा रहा परेशान

**उचाना।** पूर्व मंडी प्रधान एवं आम आदमी पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान ने कहा कि पालवां गांव से करसिंधु जाते समय गांव से पहले जो एफसीआई का पीजी गोदाम है वहां पर आढ़तियों को गेहूं में काला दाना, नमी के नाम परेशान किया जा रहा है। जो मंडी से गाड़ी लोडिंग होकर गेहूं की गोदाम में जाती है उनको अनलोडिंग नहीं करवाया जाता है। इसको लेकर गोदाम के इंचार्ज से मिलने गए तो संतोषजनक जबाव देने की बजाए दुर्व्यवहार करते हुए कहा कि इस तरह ही गाड़ियों को रिजेक्ट किया जाएगा। इससे साफ है कि एफसीआई के यहां कार्यरत अधिकारी मनमानी करते हैं।

## गेहूं का दस करोड़ रुपये भूगतान किया

### अब तक 814210 क्विंटल गेहूं की खरीद, खरीद में सफीदों मंडी अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद


**जींद।** अनाज मंडी में लगी गेहूं की ढेरियां। फोटो :हरिभूमि

पिछले एक सप्ताह से जिले में गेहूं की आवक शुरू हुई है। जिसके चलते अबतक जिलेभर की सभी मंडियों में 814210 क्विंटल की आवक हो चुकी है। यह आवक पिछले वर्ष की तुलना में काफी कम है। जिसके चलते आज के दिन तक बीते वर्ष में 1804910 क्विंटल की खरीद हो चुकी थी। इसी तरह से मंडी में वर्तमान दिन में 29350 क्विंटल की खरीद हुई है जबकि बीते वर्ष आज के दिन 583300 क्विंटल गेहूं की खरीद हो चुकी थी। खरीद के मामले में अब तक सफीदों की मंडी सबसे आगे है। जिसमें किसानों की 209100 क्विंटल की खरीद हुई है। इसके अलावा दूसरे स्थान पर उचाना मंडी में लगभग 190730 क्विंटल गेहूं की आवक हुई। तीसरे स्थान पर पिल्लूखेड़ा मंडी रही जिसमें अबतक 178740 क्विंटल गेहूं की खरीद हुई। इसके अलावा उठान भी सभी मंडियों से 59260 क्विंटल हो चुका है। अब तक उठान आवक का लगभग आठ प्रतिशत हुआ है। इसमें फू ड सप्लाई ने 1962, हैफेड ने 4056, एफसीआई ने 12, हरियाणा वेयर हाउस कारपोरेशन ने 2124 किसानों से गेहूं की खरीद की।

#### नहीं होने दी जाएगी परेशानी

खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी निशांत राठी ने बताया कि गेहूं में नमी की 12 प्रतिशत मात्रा निर्धारित की गई है। किसानों की पेमेंट भी साथ के साथ डलवाई जा रही है। मंडी में गेहूं की फसल लेकर आने वाले किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। इसके लिए सभी खरीद एजेंसियों को अलर्ट किया गया है। मंडी में गेहूं को सुखा कर लाएं ताकि आते ही उनकी गेहूं को बेचा जा सके।

### आज लघु सचिवालय में चल रहे धरने पर होगी बैठक

**नरवाना।** सोमवार को 725 वें दिन भी नरवाना तहसील कार्यालय में संयुक्त किसान मोर्चे का धरना मास्टर बलबीर सिंह रा'य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के नेतृत्व में जारी रहा। धरने की अध्यक्षता नफे सिंह मटोर ने की और मंच संचालन महेंद्र सिंह धर्मगढ़ ने किया। इस दौरान मंच सांझा करते हुए मास्टर बलजीत सिंह ने बताया कि मंगलवार को धरने की एक मिटिंग धरना स्थल पर ही होगी। जिसमें पुरे हल्के के गांव के लोग भाग लेंगे। आने वाला समय आप का है क्योंकि फेरों वाली रात आ चुकी है क्योंकि जिनका का आजादी के आंदोलन में कोई योगदान नहीं था जो अंग्रेजों की जी हजूरी किया करते थे।

### बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेड़कर के जीवन पर भी विस्तार से प्रकाश डाला

## बैशाखी पर्व पर विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला



**अंबाला।** बैशाखी पर्व को लेकर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र। फोटो : हरिभूमि

मुरलीधर डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रांगण मे बैसाखी का पर्व व डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। विद्यालय के सीनियर विंग मे छात्रों ने बैसाखी के पर्व पर विचार प्रस्तुत किए। त्यौहार मनाने के कई कारण है, विस्तार से बताया व डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। छात्रों द्वारा पंजाबी गीत व नृत्य प्रस्तुत करते हुए बैसाखी उत्सव मनाया। कक्षा तीसरी व चौथी के छात्रों ने अपने नृत्य के माध्यम से भिन्न-भिन्न पंजाबी सभ्यता को दर्शाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. आरआर सूरी ने छात्रों को वैसाखी पर्व की बहुत बहुत बधाई दी। जूनियर विंग मे भी बैसाखी का पर्व नन्हे मुन्हे छात्रों द्वारा बड़े उत्साह से मनाया गया। विद्यालय की अर्थ शास्त्र की विभगाध्यक्ष नीना सूरी का फुलकारी पहना कर स्वागत किया, तत्पश्चात छोटे-छोटे छात्रों द्वारा बैसाखी पर्व पर कविताएं प्रस्तुत की गई। नन्हे-मुन्हे छात्र रंग-बिरंगी पोशाकों मे बहुत ही मन भावन लग रहे थे। बैसाखी पर्व पर नीना सूरी ने बच्चों को इस पर्व का महत्व समझाया व बच्चो के नृत्य व कविताओं की प्रशंसा की। ये सभी कार्यक्रम विद्यालय के कोऑर्डिनेटर अमिता अरोड़ा, सुदेश व वंदना व विवेकानंद सदन की इंचार्ज संगीता व सरिता के दिशा निर्देशन मे संपन्न हुए।